**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1973**
**30 जुलाई, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## मिनर्वा मिल्स इकाई को बंद करना

**1973. श्री प्रज्ज्वल रेवन्ना:**
**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार को कर्नाटक में हासन जिले में मिनर्वा मिल्स इकाई के 25 मार्च, 2020 से बंद होने की जानकारी है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) मिनर्वा मिलों की हासन इकाई को बंद करने के क्या कारण हैं जबकि केरल और तमिलनाडु इकाइयों ने लॉकडाउन में ढील के बाद काम करना शुरू कर दिया है;
(घ) सरकार द्वारा मिनर्वा मिलों को फिर से खोलने के लिए क्या कार्रवाई की गई है/की जा रही है;
(ङ) क्या सरकार को मिनर्वा मिलों के कर्मचारियों की दुर्दशा की जानकारी है; और
(च) यदि हां, तो इस अवधि के दौरान कर्मचारियों को दिए गए वेतन/मुआवजे का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वस्त्र राज्य मंत्री**
**(श्रीमती दर्शना जरदोश)**

**(क) से (च):** जी, हां। कोविड-19 महामारी तथा विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के कारण मिनर्वा मिल इकाई सहित राष्ट्रीय वस्त्र निगम (एनटीसी) लि. की सभी मिल इकाइयों में उत्पादन गतिविधियों को दिनांक 25.03.2020 तक रोककर रखा गया था। इस अवधि के दौरान, कर्मचारियों को एनटीसी द्वारा उसके आरक्षित नकद से नियमित रूप से वेतन का भुगतान किया गया था। लॉकडाउन हटाने के पश्चात तथा कच्चे माल की उपलब्धता के अनुसार, एनटीसी ने जनवरी, 2021 से 14 मिल इकाइयों का संचालन बहाल किया। कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के कारण अप्रैल 2021 में एनटीसी की सभी मिलों का संचालन दुबारा बंद हो गया। अब एनटीसी ने कच्चे माल की उपलब्धता के अनुसार जुलाई, 2021 में अपनी कुछ मिलों में संचालन शुरू कर दिया है।

***